कोलकाता परिसर पर हिंदी सप्ताह 2019

13-20 सितम्बर 2019

भारतीय विदेश ब्यापार संस्थान कोलकाता परिसर पर दिल्ली संस्थान की तर्ज पर 13 से 20 सितम्बर 2019 के दौरान बड़े हर्ष के साथ हिंदी सप्ताह मनाया गया। इस अवसर पर 13 सितम्बर को कोलकाता केन्द्र, प्रमुख डॉ. के. रंगराजन जी ने दीप प्रज्वलित करते हुए हिंदी सप्ताह का आयोजन विधिवत प्रारंभ किया। कोलकाता केंद्र "ग" क्षेत्र में स्थित है, इस प्रकार डॉ. रंगराजन जी ने भारत सरकार द्वारा "ग" क्षेत्र में स्थित केंद्र सरकार के कार्यालयों के लिए राजभाषा के क्रियान्वयन के संबंध में निर्धारित लक्ष्यों को शत-प्रतिशत पूरा करने के लिए अपनी वचनबद्धता को दोहराया। हिंदी सप्ताह के दौरान केंद्र पर राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार को ध्यान में रखते हुए हिंदी प्रतियोगिताओं की कड़ी में "हिंदी निबंध लेखन", "हिंदी प्रश्नोत्तरी", "आशु भाषण" व "कविता पाठ" का आयोजन किया गया। कोलकाता केन्द्र से इन सभी प्रतियोगिताओं में कर्मचारियों, अधिकारियों व संकाय सदस्यों ने बढ़- चढ़ कर भाग लिया और हिंदी सप्ताह कार्यक्रम को सफल बनाया। 20 सितम्बर 2019 को हिंदी सप्ताह के समापन समारोह के अवसर पर हिंदी प्रतियोगिताओं के सहभागियों को नकद पुरस्कार व प्रमाण-पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया।

कोलकाता परिसर पर हिंदी सप्ताह की झलकियां